दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 237 मुरादाबाद, 17 December 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## ओमान के सुल्तान और पीएम मोदी के बीच हुई प्रतिनिधि स्तर की वार्ता

सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचे। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच की मित्रता और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी।अरब दुनिया के सबसे पुराने स्वतंत्र राज्य ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अपनी पहली राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। आज सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक दिल्ली के हैदराबाद हाउस पहुंचे। दोनों नेताओं ने यहा मुलाकात की। यहा इनके बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। हैदराबाद हाउस में शिष्टमंडल स्तर की वार्ता हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के बीच दिल्ली के हैदराबाद हाउस में शिष्टमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, %मुझे आपका भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। आज ओमान-भारत संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि 26 वर्षों के बाद ओमान के सुल्तान राजकीय यात्रा पर भारत आए हैं। मुझे आपका स्वागत करने का अवसर मिला है। भारत के लोगों की ओर से मैं आपका स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे कहा, आज हम एक नए भारत-ओमान संयुक्त दृष्टिकोण को अपना रहे हैं। भविष्य के लिए एक साझेदारी को अपना रहे हैं। इस संयुक्त दृष्टि में, दस विभिन्न क्षेत्रों में ठोस कार्य बिंदुओं पर सहमति व्यक्त की गई है। मुझे विश्वास है कि संयुक्त विजन हमारी साझेदारी को



एक नया और आधुनिक आकार देगा। मुझे खुशी है कि सीईपीए समझौते पर चर्चा चल रही है और दो दौर की चर्चा सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी है। मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही इस समझौते पर हस्ताक्षर करने में सक्षम होंगे जो हमारे आर्थिक सहयोग में एक नया आयाम जोड़ेगा।% प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, %पिछले महीने ओमान ने 2024 में होने वाले टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया. मैं आपको इसके लिए बधाई देता हूं।% ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने नई दिल्ली में नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट का दौरा किया। बता दें, पीएम मोदी सुल्तान हैथम बिन तारिक के सम्मान में दोपहर के भोज की मेजबानी भी करेंगे। सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां उनका स्वागत केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने किया। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच की मित्रता और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी। विदेश मंत्री जयशंकर से की थी मुलाकात- सुल्तान ने यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने कहा था कि विदेश मंत्रालय भारत और ओमान के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने में सुल्तान के मार्गदर्शन को महत्व देता है। राजकीय यात्रा की शुरुआत में ओमान के महामहिम सुल्तान हैथम बिन तारिक से मुलाकात सम्मान की बात है।

### दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने का प्रयास

बता दें कि इसी साल विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ओमान दौरे पर गए थे। 18-19 अक्तूबर के उनके दौरे के बाद सुल्तान भारत दौरे पर पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने उनके भारत पहुंचने पर कहा, उनके इस दौरे से भारत और ओमान के संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग और दोस्ती को प्रगाढ़ करने में भी यह दौरा बेहद कारगर साबित होगा। बता दें कि ओमान ने 150 से अधिक कार्य समूह बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया। जी20 देशों की मंत्रिस्तरीय बैठकों में ओमान के नौ मंत्रियों ने भाग लिया था।

### काफी पुराने हैं भारत और ओमान के रिश्ते

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ओमान के राष्ट्राध्यक्ष के साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत दौरे पर पहुंचा है। भारत और ओमान के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर आधारित दीर्घकालिक मित्रता है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध 1955 में स्थापित हुए थे और 2008 में इस रिश्ते को रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाया गया था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने खाड़ी देश का दौरा किया था। साल 2018 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओमान यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा।

## संसद में सुरक्षा की चूक का कारण है बेरोजगारी, राहुल गांधी ने केंद्र पर साधा निशाना

संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले पर राहुल गांधी ने बयान दिया है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संसद में सुरक्षा चूक हुई है ऐसा क्यों हुआ? देश में मुख्य मुद्दा बेरोजगारी है। बता दें कि 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई थी। दो आरोपी लोकसभा में सांसदों के बीच पहुंच गए थे। संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले पर राहुल गांधी ने बयान दिया है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संसद में सुरक्षा चूक हुई है,

ऐसा क्यों हुआ? देश में मुख्य मुद्दा बेरोजगारी है।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा क्यों हुआ, देश में मुख्य मुद्दा बेरोजगारी है। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के



कारण देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और इस घटना के पीछे का कारण बेरोजगारी और महंगाई है।संसद की सुरक्षा में सेंध के पीछे बेरोजगारी और महंगाई कारण- राहुल- राहुल गांधी ने मोदी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां देश में बढ़ती बेरोजगारी का कारण हैं। मोदी सरकार की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं और इसी वजह से संसद की सुरक्षा में चूक हुई।दिल्ली पुलिस ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार- बता दें कि 13 दिसंबर को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो युवक सदन के बीच पहुंच गए थे। इसके बाद उन्होंने स्मोक कैन का इस्तेमाल किया, जिससे सदन में पीला धुआं फैल गया था। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

## संसद में खुद को आग लगाना चाहते थे आरोपी, पुलिस पूछताछ में बताया क्या था प्लान

मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के भी बयान दर्ज करने पर विचार कर रही है। संसद में घुसपैठ करने वाले आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने संसद में खुद को आग लगाने की भी योजना बनाई थी। साथ ही संसद में पर्चे फेंकने पर भी विचार किया था। हालांकि काफी विचार के बाद उन्होंने इन दोनों विकल्पों को छोड़ दिया और आखिरकार संसद में घुसकर स्मोक कैनिस्टर से रंगीन धुंआ छोड़ने पर सहमत



हुए।पुलिस पूछताछ में बताया क्या थी योजना-दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि विजिटर्स गैलरी से लोकसभा चैंबर में कूदने की योजना तय करने से पहले उन्होंने कई अन्य विकल्पों पर भी विचार किया था। पुलिस ने बताया कि पहले आरोपियों ने अपने शरीर पर फायरप्रूफ जैल लगाकर संसद भवन में खुद को आग लगाने की योजना पर भी विचार किया था लेकिन बाद में ये विचार छोड़ दिया। इसके अलावा आरोपियों ने संसद भवन में पर्चे फेंकने की भी योजना बनाई थी लेकिन आखिरकार उन्होंने लोकसभा में स्मोक कैनिस्टर से रंगीन धुंआ छोड़ना तय किया और बीते बुधवार को वैसा ही किया। भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के बयान दर्ज कराएगी पुलिस- मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के भी बयान दर्ज करने पर विचार कर रही है। बता दें कि प्रताप सिम्हा ने ही आरोपियों सागर शर्मा और मनोरंजन डी के विजिटर पास को अपनी स्वीकृति दी थी। शुक्रवार को पुलिस आरोपियों को उन जगहों पर लेकर गई, जहां आरोपियों ने मिलकर संसद में घुसपैठ की साजिश रची थी। पुलिस संसद से भी इजाजत लेकर जल्द ही आरोपियों को संसद भवन ले जाकर सीन रिक्रिएट करा सकती है। पुलिस ने मामले में हिरासत में लिए गए महेश कुमवात को भी क्लीन चिट नहीं दी है।माइंड ललित झा को भागने में मदद की थी। दिल्ली पुलिस जल्द ही ललित झा को राजस्थान के नागौर ले जाने की तैयारी कर रही है,

## संक्षिप्त समाचार

### मोहाली में दिनदहाड़े धांय-धांय, एनकाउंटर में पुलिस की गोली से घायल हुए दो बदमाश; अस्पताल में भर्ती

मोहाली में पुलिस और बदमाशों के बीच एनकाउंटर हुआ। मोहाली के ऋरू नगर में ष्टढ्ढ की टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सीआईए की टीम को सफलता हाथ लगी है। उन्होंने दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों की पहचान गैंगस्टर प्रिंस और कर्मजीत के रूप में हुई है। गैंगस्टर प्रिंस को 2 गोलियां लगी है। पंजाब के मोहाली में पुलिस और बदमाशों के बीच एनकाउंटर हुआ। मोहाली के SAS नगर में ष्टढ्ढ की टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सीआईए की टीम को सफलता हाथ लगी है। उन्होंने दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।गैंगस्टर प्रिंस को लगी गोली-इन अपराधियों की पहचान गैंगस्टर प्रिंस और कर्मजीत के रूप में हुई है। गैंगस्टर प्रिंस को 2 गोलियां लगी है साथ ही उसके साथी की भी हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें निकटम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। स्विफट डिजायर में सनेटा गांव में घूम रहे थे आरोपी- सीआईए को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि गैंग्स्टर प्रिंस और कर्मजीत स्विफ्ट डिजायर में सनेटा गांव में हैं। तभी सीआईए टीम ने उन्हें घेर लिया। आमने सामने से पुलिस और गैंगस्टरों में फायरिंग हुई। दोनों गैंगस्टर ने सीआईए टीम की कार पर फायरिंग की है।टैक्सी स्विफ्ट डिजायर लूटी थी जवाब में सीआईए टीम ने भी फायरिंग की। जिस में दोंनो को गोलियां लगी है। इन दोनों पर पंजाब में कई फिरौती और लूट के केस दर्ज हैं। अभी बीती 28 नवंबर को ही दोंनो ने लांडरा रोड से एक टैक्सी स्विफ्ट डिजायर लूटी थी।आरोपियों के पास थी 32 बोर की दो पिस्तौलें- जिस के ड्राइवर जतिंदर ने पुलिस को सूचना दी थी। जतिंदर के साथ मारपीट भी की गई थी। जिस में जतिंदर घायल हो गया था। आज जिस कार में ये दोनों सवार थे ये वही स्विफ्ट डिजायर कार है। जिस का नंबर इन दोनों ने हटा दिया था। इन के पास 32 बोर की दो पिस्तौलें थी।

## सीएम योगी ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, बोले- सर्द रातों में कोई भी खुले में न सोने पाए

सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ शीतकाल में जरूरी नागरिक सुविधाओं की स्थिति और खिचड़ी मेला की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रात में पुलिस पैट्रोलिंग बहुत जरूरी है। पैट्रोलिंग के दौरान यदि कोई व्यक्ति खुले में सोते मिले तो पुलिसकर्मी उसे सम्मानपूर्वक निकटतम रैन बसेरे तक पहुंचा दें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि सर्द रातों में कोई भी खुले आसमान तले न सोने पाए। जो भी सड़क किनारे खुले में सोता मिले, उसे रैन बसेरों में लाया जाए। रैन बसेरों में ठहरने के बेहतरीन इंतजाम होने चाहिए। मकर सक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले ऐतिहासिक



खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी उनकी आवश्यकता के अनुसार रैन बसेरों में व्यवस्थित किया जाए। सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कंबल का इंतजाम हो। साफ सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ शीतकाल में जरूरी नागरिक सुविधाओं की स्थिति और खिचड़ी मेला की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रात में पुलिस पैट्रोलिंग बहुत जरूरी है। पैट्रोलिंग के दौरान यदि कोई व्यक्ति खुले में सोते मिले तो पुलिसकर्मी उसे सम्मानपूर्वक निकटतम रैन बसेरे तक पहुंचा दें। कोई भी बेसहारा या जरूरतमंद सड़कों पर ठिठुरता न दिखाई दे। उनके ठहरने की सम्मानजनक व्यवस्था कराई जाए।सीएम योगी ने कहा कि सड़कों पर यदि कोई मानसिक रूप से विक्षिप्त हो तो उसे मानसिक मंदित आश्रय स्थलों पर भेजा जाए। यदि कोई व्यक्ति रात में बार-बार सड़क किनारे पाया जा रहा है तो उसके बारे में गहन जांच भी जरूरी है। जांच में उसकी गतिविधि या संलिप्तता असामाजिक कार्यों में मिले तो प्रभावी कार्रवाई भी की जाए। सर्द मौसम और खिचड़ी मेले के दौरान मुख्यमंत्री ने हर जगह पर पर्याप्त अलाव की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। खिचड़ी मेला की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए। यह ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत न हो। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया देना होगा। समय रहते मंदिर मार्ग की सभी स्ट्रीट लाइट का परीक्षण कर कोई दिक्कत मिलने पर उसे दुरुस्त कर लिया जाए।इस दौरान पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, पुलिस, बिजली विभाग, दूरसंचार, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, वन विभाग व वन निगम, पूर्वोत्तर रेलवे, परिवहन विभाग ने खिचड़ी मेला को लेकर अपनी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एडीजी जोन अखिल कुमार, कमिश्नर अनिल ढींगरा, आईजी रेंज जे. रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त गौरव सोगरवाल, सीएमओ डॉ आशुतोष दूबे, समेत प्रशासन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, बिजली समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्ट्रीट वेंडर्स का हो सुव्यवस्थित पुनर्वासन- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करने की हिदायत देते हुए कहा है कि स्ट्रीट वेंडर्स का सुव्यवस्थित पुनर्वासन भी सुनिश्चित किया जाए। स्थान चयनित कर उन्हें पुनर्वासित किया जाए ताकि उनके कारोबार पर असर न पड़े।खाली प्लाटों से गंदगी दूर कराए नगर निगम- सीएम योगी ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम खाली प्लाटों में पड़ी गंदगी की भी सफाई कर। उन्होंने कहा कि गंदगी दूर रहेगी तो आमजन बीमारियों से भी बचे रहेंगे।

# संपादकीय Editorial

## Parliament security smoke-smoke

On the 22nd anniversary of the terrorist attack on Parliament, another attack was made on Parliament. The country must not have forgotten the day of December 13, 2001, when Pakistani terrorists entered the Parliament premises and attacked and 14 of our security personnel were 'martyred'. The terrorists were also killed. In view of the changes made in the security system after that, it was often claimed that even Parinda could not kill. Our sloganeering proved to be hollow when 'Zero Hour' proceedings were going on in the Lok Sabha on December 13, 2023. Suddenly two youths jumped from the 'audience gallery'. After jumping, a young man kept jumping on the seats of MPs and panic spread in the House. There was chaos. The MPs started shouting 'catch-catch'. Suddenly a young man opened his shoe and used a 'smoke cracker', as a result 'yellow smoke' started spreading in the Lok Sabha. By the time marshals or security personnel arrived, the MPs surrounded the intruders, caught them and beat them up. Of course it was not a terrorist attack, but the intentions of the youth were not inferior either. This attack could prove to be anything. Thankfully, the Prime Minister, Home Minister, Defense Minister etc. were not present in the House at that time, but the presence of MPs was considerable. By spreading yellow smoke the youth wanted to send a definite message that an attack can be made even by entering the Parliament.
Of course the smoke was not dangerous or poisonous, but any chemical substance could also have been used in this way, because this is the era of chemical weapons! Even a small bomb could have been hidden in a shoe and brought inside the Parliament! There are also smoke bombs and smoke grenades. Imagine that around 250 MPs were in both the Houses during the 2001 terrorist attacks. If the terrorists had succeeded in entering the houses with their weapons, what could have been the outcome? Similarly, if the 'yellow smoke' released by the youth had been deadly and poisonous, then how big an accident could have happened! This is not only a serious security lapse but also a symbolic attack on our country. Intelligence has also failed. There are cracks in the security arrangements and investigation, due to which the device like 'smoke cracker' or spray kept in the shoes of the youth did not come on the radar of security scanning. It is not at all easy to go inside the Parliament. Despite the recommendation letter from the MP, reaching the gallery is not easy and smooth. Journalists covering Parliament proceedings also have to go through computerized security checks. Despite four security measures, the 'yellow smoke' substance or cracker could not be detected; this is the incompleteness of our security. Coincidentally, two protesters spread 'yellow smoke' and raised slogans outside the Parliament. Two youths destroyed the security of Parliament. Although there are a total of six accused.

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## Michong crisis: Chennai is still struggling, huge shortage in the water catchment area has increased the problem.

The catchment area of Chennai metropolis has decreased by about 250 square kilometers in the last four decades, due to which rain water is not able to reach the ocean. It has been a week since Cyclone Michong passed through Chennai, there has been good sunshine for the last four days, but large parts of the city are filled with water from knee to waist. Basement parking of multi-storey buildings has become a graveyard for thousands of cars. Rain is nothing new in Chennai, but so much rain and strong storm destroyed electricity and roads. The city sinks every year after 2015. This much rainfall due to a cyclone is unexpected. But the truth is that on one hand, the warning that the adverse effects of climate change will fall on the coastal cities first is now clear, on the other hand, the catchment area of the metropolis has decreased by about 250 square kilometers in the last four decades and there is a concrete jungle spread there, which is not affected by the rains. Prevents water from going into the ocean. Whereas the traditional settlement of Chennai was such that even if it rained up to 15 mm in a day, it was absorbed into the city's water resources and the excess water went into the sea. Korattur area in the western part of Chennai is suffering from waterlogging. The population here will be around seven thousand. There is also a lake spread over 900 acres, but there are so many constructions around it that the water does not reach there. If the Ambattur lake here was connected to the Koovam Nad like centuries ago, then it would neither be filled with water nor would there ever be any shortage of water. The ponds here were either dried up, or the roads connecting them to the river were closed. Due to unplanned development, refugee problem and neglect of water resources, Chennai has today turned into a big urban-slum. The total length of the roads here is 2,847 kilometers and the length of drains to carry its dirty water is only 855 kilometers. But this city had a well-organized system of rivers, lakes, ponds and canals to save the rain and release the excess water to the sea. It has been said in the report of the National Disaster Management Institute that in this metropolis, more than 650 water bodies were filled with garbage and made into square grounds. These were the traditional places where rain water used to stagnate. Every year when there is heavy rain, two old settlements - Velachery and Taramani - suffer the most. Velachery means Velai-ary. Aeri means pond in Tamil and the Aeri system of Chennai is a unique example of community water management. Today, Velaya Aeri is replaced by skyscrapers. For planned drainage of rain water, the British had built a 400 kilometer long canal, which is today covered with garbage. Due to mud its depth has reduced to one fourth. Therefore, when it rained heavily, its water immediately jumped up and entered the settlements on both sides. In this rain, nature tasted the ill-treatment done by the society to Adyar and Coovam, the two rivers which are considered the beauty and lifeline of Chennai. Due to being filled with garbage from the surrounding settlements, it has turned into a stinking drain. Not only this, its meeting point with the sea has become extremely narrow, as a result it has become a closed drain. Not only is water from more than 700 drains of the city available in Adyar without any purification, the chemical waste of Pampal industrial area is also making it poisonous. The word Koovam is derived from 'Koopam' which means well. There are old settlements like Choolaimedu, Cherpet, Egmore, Chintaripet on the banks of river Coovam and its entire bank is covered with slums. In this way, the sewage of about 30 lakh people directly gets mixed in it. Dirt and encroachment have made it very narrow. The severe cyclone and accompanying rains herald the arrival of climate change for Chennai. This crisis will become more cruel with time and to avoid it, it is necessary to free the traditional ponds and lakes of the city from encroachment and free up their natural routes of water flow. The sewerage system of the metropolis will also have to be modernized by displacing illegal settlements from the banks of rivers and canals.

## Kurukshetra: If the opposition's mobilization is correct, then Lok Sabha elections will be interesting despite the results of three states.

Nitish can also contest elections from Phulpur, Mirzapur or any other Lok Sabha seat in Uttar Pradesh. It is being said that Nitish and Akhilesh will together challenge BJP by creating Akhilesh's PDA equation (backward, Dalit and minority) in Uttar Pradesh. India alliance is showing great hopes in Uttar Pradesh by including the two influential castes of this group, Yadav and Kurmi and Muslims among the backward classes... Now only four months are left for the Lok Sabha elections. According to the possible election schedule, the code of conduct may be imposed in the last week of March or the first week of April. For this electoral Mahabharata, the ruling Bharatiya Janata Party now has the morale of the recent victory of three states of North India, the support of the Supreme Court's decision on the abrogation of Article 370 and the inauguration of the Ram temple in Ayodhya in January. There is an aura of atmosphere. Along with these three impenetrable weapons, BJP also has the charismatic leadership of Prime Minister Modi, the strategy of Home Minister Amit Shah, the hard work of party president JP Nadda, the benefits of the power system and the army of dedicated volunteers of Rashtriya Swayamsevak Sangh and the strength of party workers. On the other hand, the Congress, defeated by the defeat in three states, is embroiled in mutual squabbles and the constituent parties of the India Alliance and its leaders, who have neither been able to decide on a common minimum program nor have been able to distribute the Lok Sabha seats. Can it be expected from such an opposition that it will be able to challenge Modi and his BJP in the 2024 Lok Sabha elections? This is an important question, the answer to which is not very optimistic at the moment. But the JD(U) rally to be held in Banaras this month will be addressed by many leaders of the India alliance including Bihar Chief Minister Nitish Kumar and Samajwadi Party President Akhilesh Yadav. There is speculation that Nitish may also contest elections from Phulpur, Mirzapur or any other Lok Sabha seat in Uttar Pradesh. It is being said that Nitish and Akhilesh will together challenge BJP by creating Akhilesh's PDA equation (backward, Dalit and minority) in Uttar Pradesh. Even among the backward classes, India alliance is showing great hopes in Uttar Pradesh by including the two influential castes of this group, Yadav and Kurmi and Muslims. With Jayant Choudhary joining Rashtriya Lok Dal, this social equation is likely to become stronger. But it should be remembered that BJP has a real double engine in Uttar Pradesh in the form of Modi-Yogi. Ayodhya, Mathura, Kashi are also here and this state is also the biggest battlefield of Hindutva of Sangh Parivar. Therefore, BJP had achieved tremendous success in the last two Lok Sabha elections here. Therefore the competition here is not easy. After the landslide victory in the three major states of North India, Madhya Pradesh, Chhattisgarh and Rajasthan, the Bharatiya Janata Party not only surprised everyone by appointing completely new faces as Chief Ministers in all three states, but also helped in developing new leadership in these states and in view of the Lok Sabha elections, the social and Efforts have also been made to create caste equation. On one hand, by giving command to Mohan Yadav in Madhya Pradesh, BJP has announced the end of the long-running Shivraj Singh Chouhan era, while on the other hand, the large Yadav population of Madhya Pradesh as well as Uttar Pradesh and Bihar, which is still beyond the reach of BJP, Is outside, has also been given a message to come along. By appointing tribal Vishnu Narayan Sai in Chhattisgarh and Brahmin leader Bhajan Lal Sharma, who became MLA for the first time in Rajasthan, as the Chief Minister, BJP has made the tribals of the country and also its very solid support base Brahmins happy. In Madhya Pradesh, the backward classes as well as the Brahmin and Dalit communities have been satisfied by making Vindhya's prominent Brahmin leader Rajendra Shukla and the state's Dalit leader Jagdish Deora as Deputy Chief Ministers. In Rajasthan, by making Princess Diya Kumari of Jaipur royal family and Premchand Bevra as Deputy Chief Ministers, a positive message has been given to the Rajput and Dalit community here too. In Chhattisgarh too, an effort has been made to keep these two strong communities together by making Arun Sao of the backward community and Vijay Sharma, a Brahmin, as Deputy Chief Ministers. Through this fortification, Prime Minister Narendra Modi wants to counter Rahul Gandhi's slogan of caste census and giving share to backward classes in proportion to their population, which the India alliance considers as its Brahmastra for the Lok Sabha elections. Along with this, BJP will also capitalize on the Supreme Court's decision on Article 370 in the Lok Sabha elections. But in this decision, the court also said that from the day Jammu and Kashmir was merged into India, it was an integral and inseparable part of India and it no longer had any autonomy or sovereignty. With this statement of the court, the statement of BJP and its supporters that the actual merger of Jammu and Kashmir with India took place only after the abrogation of Article 370 has been made baseless. Now the question is how the opposition India Alliance will be able to compete with the BJP in the Lok Sabha elections. Prima facie it seems that the opposition has lost the game. But history shows thatVictory in the assembly elections just before the elections does not always guarantee victory in the Lok Sabha elections. The BJP, which won the Madhya Pradesh, Rajasthan and Chhattisgarh assembly elections in 2003, lost the 2004 Lok Sabha elections. In 2008 also, BJP won Madhya Pradesh and Chhattisgarh but lost Rajasthan and in 2009 Lok Sabha elections, Congress again formed the UPA government by taking more seats. But in 2013, BJP won all three states and in 2014 it also got a landslide victory in the Lok Sabha elections. Whereas Congress won in these three states in 2018 but lost the 2019 Lok Sabha elections. Even before this, in 1998, Congress won in Madhya Pradesh, Rajasthan and Delhi, but lost to BJP in the Lok Sabha elections. Therefore, there is no guarantee that the same results will be seen in the Lok Sabha elections as in the Assembly elections. This is the only hope which is inspiring Congress and other opposition parties to stand in the field again. In the meeting of India Alliance to be held on December 19, will the opposition parties be able to find a common formula for seat sharing and make a minimum common program to give a unanimous candidate for India against BJP and NDA in more than 400 Lok Sabha seats. Will India Alliance be able to make any leader its coordinator? Will the bitterness that arose during the assembly elections end after this meeting? Will there be any strategy for joint publicity? Will any universally accepted face be decided against Modi or will the India alliance contest the elections on the issues versus Modi? The answers to all these questions lie the key to the prospects of the opposition alliance in the 2024 Lok Sabha elections. If the Indian alliance resolves these questions properly, then it will definitely be able to challenge the charismatic leadership of Narendra Modi and the strong BJP-led NDA alliance in the Lok Sabha elections, and if this does not happen, then there can be no doubt about the victory of the BJP in the Lok Sabha elections. Will not be able to stop it and the opposition will be seen in the Parliament in the same manner as it is seen now, merely completing .

# जिला अस्पताल में आएं तो साथ लाएं पानी, नहीं तो खरीद कर पिएं

मुरादाबाद- पं.दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल में इलाज कराने जा रहे हैं तो घर से पानी लेकर आएं। अन्यथा प्यास लगने या जरूरत पर आपको बोतलबंद पानी खरीदनी पड़ेगी। क्योंकि यहां मरीजों व तीमारदारों को हाथ धोने के लिए भी पानी नहीं है। क्योंकि परिसर में लगे पानी के प्रबंध दुरुस्त नहीं हैं। कोई प्लांट गड़बड़ है तो किसी की टोटियां खराब। जिला अस्पताल में महानगर व देहात क्षेत्र की नहीं आसपास के दूसरे जिलों के भी मरीज इलाज कराने आते हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 1500 या इससे अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं।






अस्पताल प्रशासन मूलभूत सुविधा देने का दावा तो करता है लेकिन, यहां पेयजल का प्रबंध ठीक नहीं है। एमआरआई भवन में लगा 1000 लीटर का आरओ प्लांट करीब तीन माह से खराब है। जबकि यह जल्द ही बनकर तैयार हुआ है। इसमें पांच से अधिक टोटी लगी हैं। लेकिन, यह बेकार पड़ी हैं। यहीं नहीं ब्लड बैंक और फिजियोथेरेपी विभाग के पास लगा आरओ प्लांट भी खराब है।बोले मरीज- जिला अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों में सिमरन, संगीता, अमन, रीता, सुनैना, नेहा, धमेंद्र ने बताया कि ओपीडी वार्ड से निकल कर आरओ प्लांट के पास पहुंचा तो पानी नहीं निकला। स्वास्थ्यकर्मियों से पूछा तो बताया कि तीन महीने से खराब है। बनता बिगड़ता रहता है। पेट दर्द से परेशान निर्मला ने बताया कि अस्पताल से दवा लिया। इसे खाने के लिए परिसर में पानी नहीं मिला। मजबूरी में दुकान से 20 रुपये में बोतलबंद पानी खरीदकर दवा खाई। यहां पानी भी खरीदकर पीना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन को पेयजल का प्रबंध कराना चाहिए। एमआरआई भवन में 1000 लीटर का आरओ प्लांट लगा है जो इस समय खराब है। इसे और फिजियोथेरेपी भवन के पास वाले प्लांट को बनाने के लिए संबंधित कंपनी को पत्र लिखा गया है। ब्लड बैंक के पास आरओ प्लांट का पाइप टूट गया था। उसको सही करा दिया गया है। शनिवार से यह चलेगा।-डॉ. राजेंद्र कुमार, चिकित्साधीक्षक, जिला अस्पताल

# सेनानायक देवेश पांडेय ने 23वीं बटालियन में ग्रहण किया पदभार

मुरादाबाद- आईपीएस अधिकारी देवेश कुमार पांडेय ने मुरादाबाद 23वीं वाहिनी पीएसी में बतौर सेनानायक पद भार ग्रहण कर लिया है। इनसे पहले यहां वाहिनी में हिमांशु कुमार सेनानायक के पद पर तैनात थे। देवेश इससे पहले हाथरस जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। संत रविदास नगर के निवासी देवेश कुमार पांडेय हाथरस जिले से पहले मिर्जापुर जिले में प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) की 39 वीं बटालियन के कमांडेंट के रूप में तैनात थे। नवागत सेनानायक



पदोन्नत राज्य पुलिस कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। इनके पास अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक के रूप में पुलिसिंग क्षेत्र का लंबा अनुभव है।

# बढ़ी ठंड, जिले में 69 स्थानों पर जलेगा अलाव, जगह चिह्नित

मुरादाबाद- महानगर में दलपतपुर, कोहिनूर तिराहा, रेलवे स्टेशन रोड, डबल फाटक, एमआईटी के पास अलाव जलवाया जाएगा, ठाकुरद्वारा, बिलारी व कांठ तहसील के अन्तर्गत भी प्रशासन ने किया प्रबंध तापमान कम होने से ठंड बढ़ गई है। लोग शाम और रात में ठिठुरने को विवश हैं। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6 और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में कभी धूप तो कभी हल्के बादल छाए रहे। शाम ढलते ही गलन बढ़ गई। रात में तापमान 6 डिग्री पहुंचने पर लोग ठिठुर गए। वहीं निराश्रितों व असहायों को खुले में रात न बितानी पड़े इसके लिए प्रशासन ने अलाव जलवाने के लिए जिले में 69 स्थान चिह्नित किए हैं। जिसमें 16 महानगर व आसपास के जगह हैं। शुक्रवार की सुबह ठंड अधिक रही। हालांकि धूप निकलने से राहत मिली।

मगर शाम ढलते ही फिर गलन बढ़ने लगी। लोग गर्म कपड़ों में पूरे दिन दिखे। मौसम वैज्ञानिक डॉ.आरके सिंह का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में गलन बढ़ेगी। अगले दो चार दिन में कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है। आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। बढ़ रही ठंड को देखते हुए जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने जिले में 69 जगहों पर अलाव जलवाने के लिए जगह चिह्नित की है। जिसमें महानगर में दलपतपुर, कोहिनूर तिराहा, रेलवे स्टेशन रोड, डबल फाटक, एमआईटी आदि जगह चिह्नित है।

बाकी जगह ठाकुरद्वारा, बिलारी, कांठ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की आपदा विशेषज्ञ रवि ज्योति ने बताया कि 69 स्थान पर अलाव जलेगा। ठंड से निराश्रितों, गरीबों, असहायों को सुरक्षित रखने के लिए रैन बसेरे संचालित हो रहे हैं। वहां रजाई, गद्दा, कंबल, पेयजल, शौचालय आदि का प्रबंध किया गया है।

# स्कूल आते-जाते छात्रा के साथ छेड़छाड़ से दहशत में आया परिवार, दुगनी उम्र का युवक कर रहा था पीछा

मुरादाबाद-थाना कांठ के क्षेत्र में सुनसान रास्ते से गुजरती छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें किए जाने का मामला सामने आया है। छात्रा की ममां ने सीओ कांठ अंकित तिवारी को तहरीर देते हुए कहा गत 12 दिसंबर की दोपहर उसकी 15 साल की बेटी स्कूल से अकेली घर वापस लौट रही थीं। रास्ते में सुनसान जंगल के इलाके ग्राम खाना खानपुर उर्फ बिचपुरी मे राजू के 28 साल के बेटे जितेंद्र ने उसकी बेटी को पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। बेटी की चीख पुकार सुनकर लोगों को अपनी ओर आता देखकर आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद डरी सहमी बेटी घर आई और युवक द्वारा की गई घटना की जानकारी परिवार वालो को दी। जिससे सभी में डर का माहौल बना हुआ है। सीओ अंकित तिवारी के आदेश पर आरोपी युवक जितेंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ के साथ पॉस्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक और पीड़ित छात्रा दोनो अलग-अलग विरादरी के बताए जाते हैं।


# एसएसपी के अभियान में मिली सफलता, एक किलो से अधिक चरस सहित तस्कर गिरफ्तार

मुरादाबाद- एसएसपी हेमराज मीना के आदेश पर नशा कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शनिवार को सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को बड़ी सफलता प्राप्त हुई हैं। पुलिस ने गांव असदपुर पुलिया के पास गरेर की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। गाँव गरेर के निवासी गुलाम मादर के 21 वर्षीय बेटे शेबू को उस समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। चरस की बड़ी खेप एक किलो दो सौ ग्राम दूसरे जिले से लेकर गांव अपने घर जा रहा था। मादक पदार्थों के तस्कर शेबू को थाने लाकर पुलिस ने पूछताछ की तो उसने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए आए हैं। जिनकी तलाश में पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। बरामद की गई चरस की कीमत लाखो रुपयों की बताई जाती है। एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने इस कार्य के लिए मैनाठेर पुलिस की पीठ थपथपाई है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि पकड़े गए मादक पदार्थों के सौदागर शेबू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए उसके अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी गई हैं। इतना ही नहीं, जो नाम इसके साथियों के पता चले है। उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन कर दिया गया है।

# पीड़ित का आरोप झूठे मुकदमे में फसाने की की जा रही है साजिश

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद। शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित युवक के भाई ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है, पीड़ित के भाई का कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा उनके भाई को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी जा रही है और झूठे प्रार्थना पत्र थाने में अपनी बुजुर्ग माता जी के द्वारा दिलवाए जा रहे हैं,पीड़ित ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए की है। मौहल्ला तहसील स्कूल सदर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अजहर सईद अपने भाई मोहम्मद अथर के पक्ष में एक प्रार्थना पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उनका भाई क्षेत्र का सम्मानित एक शान्तिप्रिय व्यक्ति है,उसके विरूद्ध आज तक थाना कोतवाली मुरादाबाद पर कोई भी शिकायत दर्ज नही है। मौहल्ले के कुछ व्यक्ति उसके




भाई से रंजिश रखते है। दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि नई बस्ती का एक व्यक्ति शुएव पुत्र हकीम जी द्वारा अपनी माताजी अजीम फात्मा से आय दिन झूठे प्रार्थना पत्र दिलवाये जाते है, तथा अवैध धन की मांग की जाती है।पीड़ित ने कभी भी अजीम फात्मा को कभी भी धमकी नही दी है। शुएव का झगड़ा लगभग एक माह पूर्व हुआ था। जिसका पीड़ित ने आसिफ व शुऐव का समझौता करा दिया था। जब से वह रंजिश रखता है, तथा पीड़ित के खिलाफ झूठे प्रार्थना पत्र अपनी माता की तरफ से दिलाता है। पीड़ित के भाई ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# पीड़ित का आरोप पड़ोसी ने उनके बेटे पर किया देसी बम से हमला

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र चंद्र नगर के रहने वाले पीड़ित मनोज कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है, पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी युवकों द्वारा उसके बेटे पर देसी बम से हमला किया गया, इस घटना में उसके बेटे की एक आंख चली गई और बेटा गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार दिल्ली में अस्पताल में चल रहा है, पीड़ित का आरोप है कि इस मामले में अभी तक पुलिस ने कोई भी कार्यवाही नहीं की है, पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस अधिकारियों



से लगाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित के द्वारा कहा गया है कि उसके घर के सामने बाबूराम का परिवार रहता है।

प्रार्थी जब अपने घर का सदर दरवाजा सन 2017 में बनवा रहा था तब उस समय बाबूराम के लड़के सतीश उर्फ बब्लू तथा कपिल ने विरोध किया था, जिसकी शिकायत थाना सिविल लाईन में की गयी थी, जिसमें मोहल्ले के सम्मानित लोगों तथा पुलिस द्वारा समझा-बुझाकर समझौता करा दिया गया था। कपिल तथा सतीश उर्फ बब्लू जब से ही मेरे परिवार से रंजिश रखते हैं,कपिल ने मेरी पत्नी को भी जान से मारने की धमकी दे चुका है। दिनांक 26.11.2023 को सांय 06.30 बजे मेरा लड़का निखिल सैनी आंगन में खेल रहा था, उस समय मैं अपने कमरे में था तभी सतीश उर्फ बब्लू ने अपनी मकान की छत से हमारे आंगन में बम फेक दिया जिससे मेरे पुत्र निखिल सैनी जिसकी उम्र लगभग 13 साल है की एक आंख फूट गयी, नाक फट गयी तथा पूरा चेहरा चोटिल तथा लहुलहान हो गया है।वह अपने बेटे को लेकर तुरंत विवेकानंद अस्पताल गया तो उन्होंने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी, जिस पर मैं और मेरा बड़ा बेटा उसी समय एम्स नई दिल्ली ले गये जहां पर उसको भर्ती कर लिया गया। अभी भी उसका इलाज चल रहा है।पीड़ित पिता मनोज कुमार अपने बेटे के लिए इंसाफ की गुहार पुलिस अधिकारियों से लग रहा है।

# कौन बनेगा करोड़पति में कनक गुप्ता ने जीते 3.2 लाख, 10 सवालों के दिए सही जवाब



मुरादाबाद- गांधीनगर पब्लिक स्कूल की छात्रा रही कनक गुप्ता ने कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) में 3,20,000 रुपये जीतकर महानगर का नाम रोशन किया है। उन्होंने 10 सवालों के सही जवाब देकर रकम अपने नाम की। प्रधानाचार्या शशि शर्मा ने बताया कि 24 नवंबर की शाम 4-00 बजे केबीसी से कॉल करके कनक को ऑडिशन के लिए आमंत्रित किया गया। इसमें ऑनलाइन जीके टेस्ट तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार को सफलतापूर्वक पास करने के बाद 2 दिसंबर को केबीसी में चयनित होने का कॉल आया। इससे पूर्व कनक गुप्ता प्रत्येक एपिसोड के साथ प्ले एलॉग में प्रतिभाग किया करती थी। फास्टेस्ट फिगर फर्स्ट के दूसरे राउंड में 4 सेकंड में सबसे पहले सही जवाब देकर कनक गुप्ता अमिताभ बच्चन के समक्ष हॉट सीट पर पहुंची। 10 सवालों के सही जवाब देकर 3,20,000 रुपये जीतकर महानगर का नाम रोशन किया।

अमिताभ बच्चन की तरफ से एक लैपटॉप और मोबाइल फोन भी उन्हें पुरस्कार के रूप में भेजा गया। कनक का सहयोग देने के लिए उनके साथ उनकी माता रिशा गुप्ता भी केबीसी में गईं। उन्होंने बताया कि कनक ने ग्रेजुएशन हिंदू कॉलेज से किया। वह अब दिल्ली यूनिवर्सिटी में एलएलबी की प्रथम वर्ष की छात्रा है। इस उपलब्धि पर गांधीनगर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रवि कुमार सिंघल व प्रधानाचार्या ने कनक को बधाई दी।

# लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश को मिलेंगे 885 पुलिस अधिकारी

मुरादाबाद- प्रशिक्षण पाकर अगले बुधवार को लखनऊ रवाना हो जाएंगे 18 आईपीएस अधिकारी, पांच जिला कमांडेंट होमगार्ड भी अकादमी में ले रहे हैं प्रशिक्षण अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश को 18 नए आईपीएस समेत कुल 885 पुलिस अधिकारी मिल जाएंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी में दरोगा से लेकर आईपीएस तक के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन सभी अधिकारियों का चुनाव से पहले ही प्रशिक्षण पूरा हो जाएगा और यह लोग अपनी शासकीय सेवाएं देने के लिए नियुक्ति वाले जिलों में तैनात हो जाएंगे। नंबर गेम- 752 प्रशिक्षु दरोगा का 12 मार्च को पूरा होगा कोर्स 06 सहायक रेडियो अधिकारी भी 3 मार्च को हो जाएंगे ट्रेंड 11 सीएफओ 29 जनवरी को हो जाएंगे प्रशिक्षित

> ■ पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे जवानों में काफी संख्या में पुलिसकर्मी लोकसभा निर्वाचन से पहले प्रशिक्षित हो जाएंगे। पासिंग आउट परेड के उपरांत वह तैनाती वाले जिलों में चले जाएंगे और अपनी तैनाती स्थल पर निर्वाचन ड्यूटी भी कर सकेंगे। डिप्टी एसपी के 90वें बैच के 74 प्रशिक्षु हैं, इनकी प्रशिक्षण अवधि सितंबर में पूरी होगी।- महेंद्र कुमार, एएसपी-पुलिस अकादमी

प्रशिक्षु अधिकारियों में 91 सीओ, 11 मुख्य अग्निशमन अधिकारी, 752 दरोगा, चार जिला कमांडेंट होमगार्ड, नौ सहायक रेडियो अधिकारी भी शामिल हैं। पुलिस अकादमी में आईपीएस अधिकारियों का प्रशिक्षण तो इसी बुधवार अर्थात 20 दिसंबर को पूरा हो रहा है। जबकि, दरोगा और सहायक रेडियो अधिकारियों का प्रशिक्षण मार्च में पूरा हो जाएगा। प्रशिक्षण के लिए नवनियुक्त पुलिस अधिकारियों में डिप्टी एसपी का 89वें बैच को आधारभूत कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन्हें कुल साढ़े 12 महीने तक प्रशिक्षित किया जाएगा। इनके प्रशिक्षण की अवधि अगले साल 17 अप्रैल को पूरी हो रही है। इन प्रशिक्षुओं को अभी रामपुर जिले में ग्रुप सेंटर का भ्रमण कराया गया है। इसी तरह डिप्टी एसपी के दूसरे बैच-90 के 74 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण 5 सितंबर को पूरा होना है। पुलिस अकादमी में सबसे अधिक 752 की संख्या में उप निरीक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनके प्रशिक्षण की अवधि 12 महीने है। इनका प्रशिक्षण 12 मार्च को पूरा हो जाएगा। प्रशिक्षुओं को फील्ड विजिट भी कराई जा रही है।

पुलिसिंग की बारीकियां बताई जा रही हैं। थाना, पुलिस लाइन, कार्यालय, अस्पताल और कारागार समेत अन्य कई विभागीय कार्यालयों में कार्यों की गतिविधि समझाई जा रही है। साथ ही हर रोज सुबह-शाम परेड व व्यायाम कराया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारी इन पुलिसकर्मियों को पूरी तरह से अनुशासित बना रहे हैं और हर तरह के अपराध पर काबू पाने के हथकंडे बता रहे हैं। भारतीय दंड विधान, स्टेट लॉ और कानून-व्यवस्था के बारे में प्रशिक्षण प्रशिक्षु अधिकारियों को समझा रहे हैं। अकादमी के सीओ हरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि सहायक रेडियो अधिकारियों को उनसे जुड़ी जानकारी दी जा रही है। डिजिटल क्लास चल रही हैं। अन्य पुलिस अकादमी के कोर्स से भी तमाम बारीकियां बताई जा रही हैं। सीओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को टोलियों में भ्रमण कराया जा रहा है। जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन व जिला कारागार जैसे स्थानों पर भ्रमण कराकर उन्हें विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। जिला अस्पताल में भ्रमण के समय जवानों को डाक्टरों से जानकारी दिलाई जा रही है कि यदि कोई घटना होती है तो पुलिस कैसे कार्य करती है। पुलिसकर्मियों को मुकदमे की विवेचना करने का गुर समझाया जा रहा है। कार्यक्षेत्र में पुलिसिंग के तौर तरीके के साथ ही दारोगा कैसे कार्य करता है, इस बात को बताया जा रहा है। आइपीसी व सीआरपीसी के साथ साइबर क्राइम, मानवाधिकार, महिला उत्पीड़न के मामलों में पुलिस की कार्रवाई बताई जा रही है। विवेचक भी दे रहे प्रशिक्षण- पुलिस अकादमी में प्रशिक्षुओं को घटना से जुड़ी विवेचना करने वाले भी प्रशिक्षण देने आ रहे हैं। सीओ हरेंद्र कुमार ने बताया कि बड़ी घटनाओं की विवेचना करने वालों को वह अकादमी में आमंत्रित कर रहे हैं। वह उन बिंदुओं एवं बारीकियों को बता रहे हैं, जो आगे चलकर प्रशिक्षुओं के काम आने वाले हैं। घटना के बाद और विवेचना के समय आने वाले चुनौतियां क्या होती हैं, उनसे कैसे निपटा जाए आदि बिंदुओं पर विवेचक विस्तार से प्रशिक्षुओं को बता रहे हैं।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991


RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# घर में गला रेतकर अधेड़ की हत्या महिला घायल हत्यारे पर केस

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श



फर्रुखाबाद मे बीती रात विवाद के दौरान युवक ने गला रेत कर अधेड़ पप्पू शर्मा की हत्या कर दी हमले में पप्पू की बहन ज्योति घायल हो गई कोतवाली फतेहगढ़ भोलेपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट निवासी 50 वर्षीय विकलांग पप्पू शर्मा अपनी 45 वर्षीय बहन विधवा श्रीमती ज्योति के साथ रहते थे। बीती रात ज्योति की पुत्री की सहेली अपने दोस्त वैभव गुप्ता के साथ पप्पू के घर पहुंची पप्पू ने उसे रात में रुकने के लिए लिए कमरा दे दिया रात में किसी बात को लेकर वैभव का ज्योति से विवाद हो गया इसी दौरान वैभव ने किसी धारदार हथियार से ज्योति पर हमला कर दिया ज्योति के चीखने पर पप्पू बहन को बचाने गया तो वैभव ने पप्पू के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर रात करीब 2.30 बजे अपर पुलिस अधीक्षक सीओ सिटी एवं कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे होमगार्ड ब्रजकिशोर ने घायलों को एंबुलेंस से रात 3 बजे के बाद लोहिया अस्पताल पहुंचाया डॉक्टर ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया घायल महिला का उपचार किया गया बताया गया कि वैभव गुप्ता कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला वूरा वाली गली में रहता है चर्चा है कि पप्पू युवकों को ठहरने के लिए 200 रुपए भाडे पर एक रात के लिए कमरा देता था विकलांग पप्पू की घर पर ही परचून की दुकान हैं ज्योति ने उपचार के दौरान मीडिया को बताया रात में मसाला लेने को लेकर युवक से विवाद हो गया था इस दौरान युवक ने पहले मेरे ऊपर व बाद में बचाने आये भाई के ऊपर चाकू से प्रहार किए हैं पुलिस मामले की गहराई से जांच पड़ताल कर रही है हत्यारे पर केस दर्ज- श्रीमती ज्योति के पुत्र विशाल ने वैभव गुप्ता के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है विशाल शर्मा ने पुलिस को अवगत कराया कि मैं भोलेपुर ठाकुर द्वारा मन्दिर के पास का निवासी हूं वर्तमान समय करीब 15 साल से अपनी पत्नी के साथ मसेनी चौराहा के पास ससुराल में रहता हूं बीच बीच में घर आता जाता रहता हूँ आज 16 दिसंबर को करीब 2 बजे रात में मेरी मां ज्योति ने फोन पर कहा कि जल्दी घर आ जाओ तुम्हारे मामा का गला कट गया है मैं विना देर किये घर पहुंच गया मामा अजय शर्मा उर्फ पप्पू मेरी मां के साथ पाच छह साल से रहे रहे थे मामा घर से मन्दिर के पास घायल पड़े थे जिनके शरीर पर धार घार हथियार की चोटें थी मैंने देखा कि मामा की सांस चल रही थी तथा मेरी मां के चोटे थी वहां नाइद उर्फ नूर पुत्री मुस्ताक अली निवासी शीशमबाग भी उपस्थित थी दोनो लोगों ने बताया कि वैभव गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता निवासी बूरा वाली गली थाना फर्रुखाबाद ने हथियार से जान मारने की नियत से मेरा मामा को और मेरी मां पर हमला कर चला गया घर से पहुंचने से पहले भोलेपुर पुलिस चौकी पर सूचना दी पुलिस के घर पर गये थे एम्बूलेन्स आ गयी मामा और मां को अस्पताल ले गये रास्ते में मामा मर गये करीब 1 से 2 बजे बीच की घटना है

# समय पर शिक्षक के नहीं पहुंचने से प्राथमिक शाला में लटका ताला शिक्षा की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में नाराजगी

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ व वनांचल क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर में शिक्षा की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में नाराजगी है। यहां न तो समय पर स्कूल खुलता है और नही शिक्षक पहुंचते है जिससे बच्चों का अध्ययन अध्यापन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के प्राथमिक शाला महुली में आये दिन शिक्षिका के समय पर नहीं पहुंचने से रोज ताला लटकता रहता है और बच्चे शिक्षक के इंतजार में स्कूल के बाहर खेलते नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव होने के कारण शिक्षिका हमेशा नदारद रहती हैं, जिसके कारण उनके बच्चों का भविष्य खतरें में है। वही छत्तीसगढ़ में शनिवार को स्कूल खुलने का समय बभी स्कूलो में सुबह 7 बजे खुलता है। समय पर कभी भी शिक्षक नहीं पहुंचते हैं, जिसके कारण कई बच्चे तो वापस अपने घर चलें जाते हैं और परिजनों को स्कूल की छुट्टी होने का हवाला देते हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्कूल का उन्नयन पीएमश्री स्कूल के रूप में किया गया है, ताकि दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिया जा सके। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में हैं। इस आशय को लेकर पूर्व में भी ग्राम कोल्हुआ उपसरपंच श्याम बाबू जायसवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता भी इन लापरवाह शिक्षिका के हौसलें बुलंद कर रहा है। मामले में ग्रामीणों ने जिले के उच्चाधिकारियों से इस ओर कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता सुधर सके और उनके बच्चों का अध्ययन-अध्यापन प्रभावित न हो।


# एसडीओपी उदित मिश्रा, एसडीएम पी के पाण्डेय के द्वारा ली गई अहम बैठक



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

शासन आदेश के परिपालन में माननीय कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार आज त्यौंथर अनुभाग में एस0डी0एम0 श्री पी0के0 पांडे एवं एस0डी0ओ0पी0 श्री उदित मिश्रा द्वारा डी0जे0 संचालक/ लाउड स्पीकर/टेंट/ मैरिज गार्डन संचालक की बैठक ली गई एवं लाउड स्पीकर एवं ध्वनि के तय पैमाना जो शासन द्वारा तय किए गए स्पष्ट निर्देश दिए गए। एवं नियमानुसार कार्यवाही के लिए कार्यवाही के लिए समझाइश दी गई। एवं नियमों के उल्लंघन पर प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। त्योंथर एसडीओपी उदित मिश्रा का रहा सराहनीय कार्य लाउड स्पीकर एवं ध्वनि प्रदूषण के लिए शासन के आदेशों का पालन करने के दिए निर्देश

# जिलाधिकारी कृतिका शर्मा द्वारा आयुष अस्पताल का किया गया अवचक ,निरीक्षण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



क्यूँ न लिखूँ सच
अरविंद कुमार यादव

श्रावस्ती के संयुक्त जिला अस्पताल से सटे निर्माणाधीन 50 बेड वाले आयुष अस्पताल का जिलाधिकारी कृतिका शर्मा द्वारा किया गया औचक निरीक्षण ड्रग बेयर हाउस के समीप निरीक्षण के दौरान भूतल का कार्य पूर्ण पाया गया तथा रैम्प की आर सी सी पड़ गई है संबंधित को निर्देशित करते हुए बताया कि गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाए जिलाधिकारी ने बताया कार्य पूर्ण होने पर जांच टीम के द्वारा की जांच कराई जाएगी कार्य पूर्ण होने पर जल्द से जल्द इसका संचालन भी कराया जाएगा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में श्रीमती सरिता राजवाड़े ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सुनाई अपनी कहानी

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- मत्स्य पालन विभाग द्वारा आज दो हितग्राहियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जाल व आईस बॉक्स का वितरण किया गया। सामग्री प्राप्त करने वाली दोनों महिलाएं स्व सहायता समूह से संबंध रखती हैं। जिसमें से प्रथम हितग्राही श्रीमती सरिता राजवाड़े, कोमल महिला स्व सहायता समूह और श्रीमती सियावती ज्वाला महिला स्व सहायता समूह से संबंध रखती हैं। इसमें श्रीमती सरिता राजवाड़े ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपनी सफलता की कहानी साझा की। जिसके अंतर्गत उन्होंने बताया कि वो ग्राम झांसी की रहने वाली है। वो अपनी निजी डबरी पर मछली पालन करती हैं और प्रत्येक सीजन में लगभग दो क्विंटल मछली का विक्रय कर अच्छी आमदनी अर्जित करती हैं। जिसके अंतर्गत उन्हें शुद्ध आमदनी के रूप में 20 से 25 हज़ार रुपए प्राप्त होते हैं। श्रीमती सरिता राजवाड़े ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्राप्त जाल और आईस बॉक्स को अपने लिए बहुत ही उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि मछलियों को संरक्षित रखने के लिए गर्मी के दिनों में आईस बॉक्स से उनके लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर होने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे एक जन-जन तक पहुंचने वाला कार्यक्रम कहा। इसके माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलेगा इसके लिए उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

# विश्व कल्याण की मंगल कामना के साथ पंच कल्याणक महोत्सव का समापन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



